दिन–सोमवार

दिनांक– 07 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. पर निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की सहमति दे दी है। मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और जे. बाग्ची की खंडपीठ ने राज्य में मतदाता सूची को संशोधित करने के चुनाव आयोग के निर्णय के विरूद्ध याचिकाओं की सुनवाई के लिए सहमति दी। चुनाव वाले राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तरीके और समय को लेकर आयोग के कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस संबंध में दायर याचिकाओं में कहा गया है कि अगर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य बंद नहीं किया जाता है तो लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का कार्य मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से सुचारू रूप से चल रहा है। आयोग ने एक बयान में बताया कि पुनरीक्षण अभियान का प्रारंभिक चरण लगभग पूरा हो चुका है और सभी पात्र मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभी तक एक करोड़ उनहत्तर लाख से अधिक गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। फॉर्म अपलोड करने का काम भी शुरू हो गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण चौबीस जून को जारी निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है और निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्देशों के अनुसार एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाता सूची के प्रारूप में उन व्यक्तियों के नाम होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं। मतदाता पच्चीस जुलाई से पहले कभी भी अपने दस्तावेज जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची का प्रारूप जारी होने के बाद यदि कोई दस्तावेज कम है, तो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी दावा और आपत्ति अवधि में जांच के दौरान, उन मतदाताओं से ऐसे दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं, जिनका नाम मतदाता सूची के प्रारूप में है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड के कोशकापुर में प्रतिनियुक्त बीएलओ शशिकांत पोद्दार को कर्तव्यहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय प्रखंड के चरूआवां के बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीएलओ पर पुनरीक्षण अभियान को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप है।

———————————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन के पास संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में तैंतीस हजार किलोमीटर नई रेललाइन बिछाई गई। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में बिहार को वंदे भारत और नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन का अधिक आवंटन किया गया है। बजट में बिहार को रेलवे परियोजनाओं के लिए दस हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। इससे पहले रेलमंत्री ने कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर विकसित की गई विभिन्न यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने सत्रह करोड़ रूपये की लागत से कर्पूरी ग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य और समपार फाटक के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

———————————————————————————————

कटिहार में कल रात धार्मिक जुलूस के दौरान हुई झड़पों के बाद अब स्थिति नियंत्रण में है। पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रमोद कुमार मंडल ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया गया है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर, जिले में चौबीस घंटों के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता में कमी आने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। नवादा के रजौली में सबसे अधिक पच्चीस दशमलव दू मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

समाप्त